>

Title: Regarding agitation by Nation Fisher Workers Forum.

डॉ. संजीव गणेश नाईक (ठाणे): सभापति जी, नैशन फिशर वर्कर्स फोरम का एक बहुत बड़ा डेलिगेशन पिछली चार तारीख से धरना आंदोलन पर जंतर-मंतर पर बैठा हुआ है। ये सभी लोग देश की करीब-करीब दो करोड़ आबादी के फिशरमैंस को सपोर्ट करते हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री जी को भी उन्होंने खत लिखा है। उनका मसला खास कर पैट्रोलियम मिनिस्ट्री के साथ है। मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि यह धरना आंदोलन उन्होंने रखा है और उनकी जो मांग है, उसको पूरा किया जाए। मैं सदन की ओर से सरकार से ऐसी विनती करता हूँ।